Today

# राजस्थान सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
## (अनुभाग–3)

**क्रमांक एफ (2) ग्रावि/ग्रुप–3/ स्वच्छता भारत अभियान / 14–15** जयपुर, दिनांक 1 OCT 2014

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम,
समस्त, राजस्थान।

विषय :– स्वच्छ भारत मिशन के तहत समस्त नरेगा कार्मिकों एवं श्रमिकों के द्वारा दिनांक 25 सितम्बर से 22 अक्टूबर 2014 तक की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में।

प्रसंग :– ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार का पत्र दिनांक 23 सितम्बर 2014

**महोदय,**

जैसा कि आपको विदित है भारत सरकार ने 25 सितम्बर से 22 अक्टूबर 2014 तक स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता मुहिम चलाने का निश्चय किया है। इस अभियान में समस्त महानरेगा श्रमिक एवं कार्मिक भी अपना सक्रिय योगदान देंगे। इस संबंध में आपके जिले में कार्यरत समस्त ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी, ईजीएस को निम्न निर्देश दिये जाऐं :–

1. **स्वच्छ भारत कैम्प** :– प्रत्येक ग्राम में महानरेगा के समस्त जॉबकार्ड धारी श्रमिकों का स्वच्छ भारत कैम्प आयोजित करें एवं निम्न बिन्दुओं पर विशेष जानकारी दी जाऐ व उन्हे इनकी दृष्टि से जागरुक किया जाए :–

**(अ)** (i) व्यक्तिगत स्वच्छता, (ii) घर की सफाई, (iii) गली, मोहल्ला एवं आस पास के क्षेत्र की सफाई (iv) ग्राम की सफाई की महत्ता की विचारधारा के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी देवें।

**(ब) शपथ** :– समस्त महानरेगा श्रमिकों को **'स्वच्छता शपथ'** दिलवाई जाए (प्रारुप संलग्न)।

**(स) संयुक्त कार्यवाही** :– श्रमदान के माध्यम से श्रमिकों द्वारा पहल करते हुये समस्त ग्रामवासियों को संयुक्त रुप से ग्राम की सफाई करने के लिये प्रेरित किया जाए।

उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन के लिये दिनांक 25 सितम्बर से 22 अक्टूबर 2014 तक की अवधि में सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तिथिवार कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्विति की जाए।

2. **स्वच्छ भारत कैम्प में** ग्राम की स्वच्छता के लिये एक कार्ययोजना बनायी जाऐ जिसमे निम्न बिन्दु सम्मिलित हो।

(अ) ग्राम के ऐसे **क्षेत्रों को चिन्हित किया जाऐ** जिनमें सफाई की आवश्यकता हो।

(ब) युवा स्वयंसेवकों एवं जनसाधारण को ग्राम की **सफाई के लिये प्रेरित किया जाऐ।**

(स) 'स्वच्छ' कार्य योजना को **क्रियान्विति करवाया जाऐ।**

(द) स्वच्छता हेतु किये गये कार्य की **प्रगति रिपोर्ट बनायी जाऐ।**

3. प्रत्येक मेट को अपने–अपने ग्रुप के सदस्यों द्वारा स्वच्छता कार्ययोजना की क्रियान्विति के लिये उत्तरदायी बनाया जाऐ।

4. स्वच्छ भारत अभियान के दौरान महानरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत किन्तु अभी तक प्रारंभ नहीं किये गये स्वच्छ शौचालयों का कार्य प्रारंभ करवाया जाऐ।

उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन की मॉनिटरिंग के लिये जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्ति किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर तैयार कार्ययोजना की प्रति इस कार्यालय को भिजवाई जाऐ।

अतः सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक **स्वच्छ भारत मिशन** के तहत सभी नरेगा कर्मियों एवं जॉबकार्ड धारी श्रमिकों को इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित कर प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा इस संबंध में अभियान की समाप्ति पर प्रगति से आयुक्त महानरेगा को अवगत कराऐंगे। इस अभियान में राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी श्री एम.डी. मीना अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम), ईजीएस है जिनसे दूरभाष न :9414350267 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय

सलंग्न :– शपथ का प्रारुप

1/10/14

(राजीव सिंह ठाकुर)
आयुक्त ईजीएस एवं शासन सचिव
ग्रामीण विकास विभाग

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सचिव, माननीय मंत्री महोदय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचातयी राज विभाग।
3. निजी सचिव, संयुक्त सचिव ग्रा0 वि0 मंत्रालय (महानरेगा) भारत सरकार नई दिल्ली।
4. निजी सचिव, आयुक्त ईजीएस एवं शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
5. समस्त अधिकारी, मुख्यालय, महानरेगा जयपुर।
6. समस्त अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद।
7. समस्त ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी ।
8. रक्षित पत्रावली ।

1/10/14
अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) ईजीएस

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर के भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान कर के स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।'